## त्योंथर-जवा थानों में नहीं की जा रही है महिला निरीक्षक की पदस्थापना

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 19 जून, वैसे तो आधी आबादी महिलाओं के नाम पर जानी जाती है. शासन और प्रशासन में भी महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित रहती है.**

किंतु त्योंथर एवं जवा पुलिस अनुभाग क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक पुलिस थाना एवं उनकी कई चौकिया के होने के बावजूद भी इस क्षेत्र में एक भी महिला निरीक्षक एवं उप निरीक्षक की तैनाती नहीं की जा रही है जिसके कारण महिलाओं से संबंधित अपराध की रोकथाम एवं मामले की विवेचना करने के लिए रीवा से महिला विवेचक को बुलाया जाता है. इस क्षेत्र में घटने वाली तमाम घटनाएं ऐसी होती हैं जिसकी विवेचना मात्र महिला पुलिस अधिकारी ही कर सकती हैं किंतु यहां के पुलिस थाना चाकघाट, थाना सोहागी, थाना जनेह, थाना जवा, थाना अतरैला,थाना पनवार, थाना डभौरा, पुलिस चौकी त्योंथर, पुलिस चौकी सोनौरी, पुलिस चौकी गढ़ी, एवं जवा अनुभाग की पुलिस चौकियों में एक भी महिला निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक की तैनाती नहीं की गई है. इस अंचल में जब भी महिला को थाना प्रभारी बनाया गया है तो उसकी व्यवस्था, ईमानदारी और अपराध नियंत्रण की कार्यशैली आम लोगों की दृष्टि में सराहनी रहती रही है. किंतु उसे शीघ्र ही यहां से हटा दिया जाता है. पता चला है कि वर्तमान स्थिति यहां की ऐसी है कि तराई अंचल के अनुभाग त्योंथर एवं जावा में एक भी महिला निरीक्षक एवं उप निरीक्षक की पदस्थापना नहीं की जा रही है जिसके चलते यहां विवेचना एवं महिलाओं से संबंधित अपराध को रोकथाम करने की व्यवस्था नहीं बन पा रही है.

बताया जाता है कि जब किसी महिला संबंधी अपराध में महिला विवेचक की जरूरत होती है तो 80 किलोमीटर दूर रीवा से विवेचक को बुलाया जाता है जो दूरी के कारण यहां विवेचना के नाम पर खानापूर्ति तक ही सिमट कर रह जाती है. जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं प्रदेश शासन गृह विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया गया है.

## सांसद एवं कलेक्टर ने रकरी गौशाला का किया निरीक्षण

### बायोगैस संयंत्र के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 19 जून, जिले के ग्राम पंचायत रकरी स्थित गौशाला का निरीक्षण सांसद जनार्दन मिश्रा एवं कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा किया गया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए वहां संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए.**



भ्रमण के दौरान सांसद एवं कलेक्टर ने गौशाला का संचालन कर रही कमल सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से चर्चा कर गौवंश के संरक्षण, देखभाल एवं गौशाला संचालन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली. उन्होंने समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए गौसंरक्षण के क्षेत्र में निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया. गौशाला परिसर में संचालित आजीविका गतिविधियों का भी अवलोकन किया गया. इस अवसर पर लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया गया, जो हाथ से पीसकर मसाला निर्माण का कार्य कर रही हैं. समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे स्वावलंबन एवं आजीविका संवर्धन के प्रयासों की प्रशंसा की गई तथा उनके उत्पादों के विपणन एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करने का आश्वासन दिया गया. निरीक्षण के दौरान सांसद ने गौशाला में जैविक एवं सतत ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गोबर गैस (बायोगैस) संयंत्र स्थापित करने के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की. उन्होंने कहा कि बायोगैस संयंत्र की स्थापना से गौशाला की उपयोगिता बढ़ेगी, स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन होगा तथा गोबर के वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा मिलेगा. निरीक्षण के दौरान गौशाला के समुचित संचालन, गौवंश के संरक्षण तथा स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के निर्देश दिए गए. सांसद, कलेक्टर तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने गौपूजन और पौधारोपण किया.

### रोजगार मेला 24 को सतपुड़ा आईटीआई मऊगंज में

कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में युवा संगम कार्यक्रम के तहत सतपुड़ा आई.टी.आई. मऊगंज में 24 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है.



## समाजसेवी संतोष मिश्र का किया गया सम्मान

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 19 जून, मातृछाया घुरेहटा की स्थापना 18 जून 1979 को हुई थी रीवा लोकसभा सीट के प्रथम सांसद भगवान दत्त शास्त्री द्वारा लोकार्पण किया गया था.**

तब से निरंतर वार्षिकोत्सव 18 जून को मनाया जाता है. इस उपलक्ष में सुंदरकांड पाठ ब्राह्मण भोजन और समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है. इसी कड़ी में समाजसेवी संतोष कुमार मिश्र बरहटा को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र भेंट कर मात्र छाया के संस्थापक सेवानिवृत्ति ब्रांच मैनेजर अवध नरेश तिवारी द्वारा किया गया सम्मान भेंट करने वालों में सेवानिवृत प्राचार्य डॉक्टर रत्नेश्वर द्विवेदी सेवानिवृत्ति प्राध्यापक डॉक्टर जवाहरलाल मिश्रा सेवानिवृत शिक्षक राम आश्रय द्विवेदी सेवानिवृत शिक्षक विद्याधर मिश्र पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद मऊगंज राजेश पांडे उर्फ बाबा शगुन मैरिज गार्डन के संचालक पंडित रमेश पांडे पूर्व सैनिक बाल्मिक जायसवाल संतोष कुमार तिवारी यदुवंश प्रसाद मिश्र विश्वनाथ मिश्र संजय मिश्रा मौजूद रहे.

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत दिलाई गई शपथ

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 19 जून, मऊगंज कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शा. उच्च. माध्य. विद्यालय डुगावन कुरमियान में जागरूकता कार्यक्रम, हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**




कार्यक्रम का संचालन रमाशिव बहुदेशीय विकास समिति द्वारा किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया. आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार और समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है. युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया गया. विद्यालय के प्राचार्य हीरामणि प्रजापति ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई तथा कहा कि युवा पीढ़ी को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है.

## छात्रों ने रंगों के माध्यम से बताए नशे के दुष्परिणाम

### नशामुक्ति का संकल्प

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 19 जून, कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में संचालित नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शासकीय मॉडल स्कूल मऊगंज में संस्था रमाशिव बहुदेशीय विकास समिति द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में 'नशा मुक्त भारत, विकसित भारत की पहचान' विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन कर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया.

आगामी 26 जून तक आयोजित होने वाले नशा मुक्त भारत सप्ताह के तहत संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग अनिल दुबे ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी ने जानकारी दी.



गुढ़ महाविद्यालय में पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान में जानकारी देते हुए

## महिला कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन , चुनाव प्रक्रिया पर उठाए सवाल

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 19 जून, जिला महिला कांग्रेस मऊगंज ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर हाल ही में संपन्न मध्य प्रदेश राज्यसभा निर्वाचन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं.**



ज्ञापन में कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने की कार्रवाई को लोकतांत्रिक परंपराओं और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के विरुद्ध बताया गया है. महिला कांग्रेस पदाधिकारियों का आरोप है कि बिना किसी एफआईआर या विधिक प्रकरण के नामांकन निरस्त किया गया, जिससे प्रदेश और देशभर की महिलाओं में नाराजगी है. संगठन ने इसे राजनीतिक दबाव में की गई कार्रवाई बताते हुए भाजपा की कथित महिला विरोधी सोच का उदाहरण बताया. ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से मांग की गई है कि संबंधित निर्वाचन अधिकारी को तत्काल पद से हटाकर उनके विरुद्ध निष्पक्ष जांच कराई जाए. ही महिला कांग्रेस ने यह भी मांग की कि यदि निर्वाचन प्रक्रिया प्रभावित हुई है तो पूरे राज्यसभा चुनाव को निरस्त कर पुनः नए सिरे से चुनाव कराया जाए. महिला कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मर्यादा और चुनाव प्रणाली की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए मामले में शीघ्र एवं उचित कार्रवाई आवश्यक है. ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, प्रदेश महासचिव तराना मकसूद खान, जिला अध्यक्ष हरिलाल कोल, शैलजा पांडे, रितू कोल, अनिता भारती, प्रियंका मिश्रा, किरण सोनी, ममता साकेत, सलमा बेगम, जैस्मिन खान एवं रेशमा बेगम सहित महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं.

## गुढ़ कॉलेज में हुआ ज्ञान भारतम् पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 19 जून, शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में 'ज्ञान भारतम्' कार्यक्रम के अंतर्गत पाण्डुलिपियों के सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण एवं डिजिटलीकरण अभियान के शुभारंभ हेतु एक बैठक आयोजित की गई.**

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रेखा मिश्रा के मार्गदर्शन एवं ज्ञान भारतम् कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. अमित कुमार मिश्रा के संयोजकत्व में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि रामायण, गीता, भागवत, वेद, पुराण, महाभारत तथा आध्यात्मिक विषयों से संबंधित प्राचीन पाण्डुलिपियों का सर्वेक्षण कर उनका दस्तावेजीकरण एवं डिजिटलीकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है.

उन्होंने कहा कि समय के साथ ये अमूल्य ग्रंथ नष्ट होने की आशंका रहती है, इसलिए डिजिटल संरक्षण के माध्यम से इन्हें सुरक्षित रखा जा सकता है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को भी इनका लाभ मिल सके. कार्यक्रम में डॉ. व्यास नारायण मिश्रा ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरितमानस की पाण्डुलिपि आज भी चित्रकूट के राजापुर में सुरक्षित उपलब्ध है, जो लगभग 500 वर्ष पुरानी है.

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अन्य दुर्लभ पाण्डुलिपियों के संरक्षण की दिशा में भी गंभीर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है, ताकि भारतीय ज्ञान परंपरा की यह धरोहर सुरक्षित रह सके. कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. रेखा मिश्रा, डॉ. अमित कुमार मिश्रा, डॉ. अरुण कुमार सोनी, डॉ. अरवेंद्र उपाध्याय, डॉ. राकेश कुमार अग्रवाल, डॉ. स्काई लैम्ब तूफान, डॉ. पूनमवती पटेल, डॉ. रेखा पपासी, डॉ. रामेश्वर सिंह, डॉ. व्यास नारायण मिश्रा, डॉ. जितेंद्र त्रिपाठी, डॉ. निशा सिंह, डॉ. भारत भूषण दुबे, के.सी. साकेत एवं राम मनोहर पटेल उपस्थित रहे.

## स्वच्छ भारत मिशन का हाल बेहाल, गंदगी से लोग परेशान

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 19 जून, नगर परिषद हनुमना में नगर को साफ स्वच्छ रखने के लिए दर्जनों सफाई कर्मी , स्वच्छता प्रभारी, आदि की नियुक्ति की गई है, जिनको अलग-अलग जिम्मेदारी नगर को स्वच्छ रखने की सोपी गई है.**

परंतु अगर स्वच्छता का हाल देखना हो तो वार्ड क्रमांक 8 राइस मिल के आगे सगरा कला तरफ जाने वाले तिराहा मोड की गंदगी को देख कर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है. मेंन रोड पर इस तरह का कचरा पड़ा रहना अपने आप में स्वच्छता का पोल खोल रहा है. स्थानीय निवासी जब कभी इस गंदगी को देखकर हल्ला करेंगे तब बड़े मुश्किल से कभी महीने में कभी 20 दिन में कचरा उठता है और दूसरे तीसरे दिन पुनः कचरा इकट्ठा हो जाता है, जबकि नियमित कचरा उठना चाहिए, कचरा प्रतिदिन न उठने से चारों तरफ गंदगी एवं प्रदूषण फैल रहा है, परंतु नगर परिषद के जिम्मेदार स्वच्छता प्रभारी एवं सफाई कर्मियों को यह कचरा नहीं दिखता जो दुर्भाग्य का विषय है.

नगर परिषद के पूर्व दो अध्यक्ष ऐसे थे जो सुबह से लेकर शाम तक मोटरसाइकिल से नगर के हर वार्ड में घूम घूम कर सभी समस्याएं देखते थे कि कहां पर पानी की दिक्कत, कहां पर लाइट की दिक्कत, कचरा कहां डंप है , लोगों की क्या-क्या समस्या है, एवं ऑन स्पॉट निर्णय करते थे और उनकी समस्या हल कराते थे.

वह परंपरा पूर्ण रूपेण टूट गई,जिससे नगर परिषद के लोग कई समस्याओं से जूझ रहे हैं, और अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं, अब आगे देखना है क्या यह कचरा इसी तरह पड़ा रहेगा, या जिम्मेदार ध्यान देंगे.

## विधायक होंगे योग दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

मऊगंज, 19 जून, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा. योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक देवतालाब गिरीश गौतम होंगे. श्री गौतम योग दिवस कार्यक्रम में सामूहिक योगाभ्यास में शामिल होंगे. समारोह में जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, विद्यार्थी तथा आमजन शामिल होकर योग से निरोग काया का संदेश देंगे.

## अपेक्स बैंक के अध्यक्ष से मिला प्रतिनिधि मंडल

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 19 जून, भारतीय किसान संघ मऊगंज एवं रीवा का प्रतिनिधिमंडल अपेक्स बैंक के अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव से मुलाकात कर सरकारी समिति संबंधी किसने की समस्याओं से अवगत कराया.**



भारतीय किसान संघसंभागीय अध्यक्ष छोटेलाल दुबे के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष मऊगंज हरिशंकर पांडे और भूपेंद्र मणि अग्निहोत्री के कुशल नेतृत्व में भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल अपेक्स बैंक के मध्य प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव से मिलकर के सहकारी समिति एवं कोऑपरेटिव बैंक की समस्याओं से अवगत कराया. जिला अध्यक्ष मऊगंज हरिशंकर पांडे जी ने कोऑपरेटिव सोसाइटी और सहकारी समितियां में होने वाले भ्रष्टाचार और उससे प्रभावित किसानों के बारे में श्री यादव को अवगत कराया और उन्होंने बताया कि कैसे सहकारी समितियो में भ्रष्टाचार चल रहा है वहां के सेल्स मैनेजरों द्वारा किसानों को कैसे परेशान किया जा रहा है. महेंद्र सिंह यादव के द्वारा ऑपरेटिंग बैंक के जीएम को निर्देशित किया कि योजनाओं को किसानों तक पहुंचाएं.

## पंचायतों में कामकाज ठप, बरसात से पहले बढ़ी ग्रामीणों की चिंता

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 19 जून, जिले की ग्राम पंचायतों में इन दिनों विकास कार्यों की रफ्तार पूरी तरह प्रभावित होती दिखाई दे रही है. पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों का आरोप है कि केवाईसी प्रक्रिया पूरी न होने के कारण बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतों की डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट बंद हो गई है.**

जिससे पंचायतों का वित्तीय और प्रशासनिक कामकाज ठप पड़ गया है. बताया जा रहा है कि मऊगंज, हनुमना और नईगढ़ी जनपद क्षेत्र की लगभग 80 प्रतिशत ग्राम पंचायतें इस समस्या से प्रभावित हैं. ग्रामीणों का कहना है कि बरसात का मौसम सिर पर है. लेकिन नालियों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था, सड़क मरम्मत, स्वच्छता कार्य, मनरेगा मजदूरों के भुगतान और अन्य आवश्यक विकास कार्यों पर रोक जैसी स्थिति बन गई है. पंचायतों के खाते संचालित नहीं हो पा रहे हैं, जिससे पहले से स्वीकृत कार्य भी अधर में लटक गए हैं. ग्रामीण क्षेत्रों में बरसात से पूर्व नालियों की सफाई, जलभराव रोकने के उपाय, हैंडपंप और पेयजल व्यवस्थाओं का रखरखाव, सड़कों की मरम्मत तथा स्वच्छता अभियान जैसे कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं. लेकिन पंचायतों की डीएससी बंद होने के कारण भुगतान और अनुमोदन की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है. ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बरसात के दौरान गांवों में जलभराव, गंदगी और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है. मनरेगा सहित अन्य योजनाओं में कार्य कर चुके मजदूरों के भुगतान प्रभावित होने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं. पंचायतों द्वारा भुगतान संबंधी दस्तावेजों पर डिजिटल हस्ताक्षर नहीं हो पाने से मजदूरी भुगतान और विभिन्न योजनाओं की राशि जारी करने में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं. ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक प्रक्रिया की खामियों का खामियाजा आम जनता और गरीब मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है. कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हो रही है. बरसात में सबसे ज्याद दिक्कत ग्रामीणों को होगी.

### पंचायत भवनों की हालत भी चिंताजनक

मऊगंज, हनुमना और नईगढ़ी जनपद की कई पंचायतों में पंचायत भवनों की स्थिति भी सवालों के घेरे में है. ग्रामीणों का आरोप है कि कई पंचायत भवन जर्जर अवस्था में हैं, वहां आवश्यक फर्नीचर, कंप्यूटर, दस्तावेजों के सुरक्षित रखरखाव की व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत संसाधनों का अभाव है. इसके बावजूद पंचायतों में हर वर्ष भवन रखरखाव और मेंटेनेंस के नाम पर राशि खर्च होने के दावे किए जाते हैं. ऐसे में ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि जब पंचायत भवनों की स्थिति लगातार खराब हो रही है तो मेंटेनेंस मद में खर्च की गई राशि का वास्तविक उपयोग कहां हुआ.